शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

11वीं बैठक

दिनाँक 05–11–2020 दिन गुरूवार

आज दिनाँक 05–11–2020 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की 11वीं बैठक का आयोजन प्राचार्य कक्ष में अपराह्य 3:00 बजे से प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित की गई । आज की इस बैठक की कार्यवाही का विवरण निम्नानुसार हैं–

1 सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य महोदय ने बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात पूर्व में लिये गयें निर्णयों पर हुए कार्य की समीक्षा की । समीक्षा उपरान्त शेष अपूर्ण कार्यो को शीघ्रता से पूरा करने का निर्णय लिया गया ।

2 महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ऑनलाइन शिक्षण कार्य किया जाये जिसके लिए ICT जैसे google meet या Zoom जैसे प्लेटफार्म को उपयोग किया जाये साथ ही कक्षावार वाट्सएप्प ग्रुप में इसका लिंक शेयर किया जाये ऐसा निर्णय लिया गया ।

3 छात्रो को ऑनलाइन कक्षा में जुडने के लिए प्रेरित करें साथ ही छात्रों को ऑनलाइन कक्षा में जुडने में होने वाली तकनीकी समस्या का समाधान भी सुझायें ।

4 महाविद्यालय की फैक्ल्टी के अकादमिक उन्नयन के लिए श्री विनीत कुमार गुप्त ,सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) को फैकल्टी इण्डक्सन प्रोग्राम (गुरूदक्षता) में भेजने का निर्णय लिया गया।

5 संविधान दिवस सादगी से कोविड–19 की गाइडलाइन के अनुरूप मनाये जाने का निर्णय लिया गया । जिसमें संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ –साथ संविधान के पालन की शपथ लेने का निर्णय लिया गया।

6 महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की आवश्यकता के लिए कम्प्यूटर ,प्रिंटर,कम्प्यूटर टेबिल और रिवोल्विंग कुर्सी आदि को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

7 छात्र –छात्राओं के लिए उनके अध्ययन में आवश्यक उपयोगी पुस्तकों को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

8 महाविद्यालय में व्यायामशाला (जिम) को विकसित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए आवश्यक उपयोगी सामानों को क्रय करने का निर्णय लिया गया ।

9 नैक को कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्णय लिया गया ।

10 प्रवेश प्रक्रिया में नवीन प्रवेश मार्गदर्शिका का पालन करने एवं कोविड–19 की गाइडलाइन के अनुसार कार्य सम्पादित करने का निर्णय लिया गया ।

11 गणतन्त्र दिवस को कोविड –19 की गाइडलाइन के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया गया ।

12 छात्रों की बैठक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए डेस्क (फर्नीचर) क्रय करने का निर्णय लिया ।

13 कोविड –19 की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये प्रकोष्ठ की बैठक में इस सत्र में वार्षिक बौद्धिक,खेलकूद ,सांस्कृतिक ,साहित्यिक गतिविधियों को स्थगित करने का निर्णय लिया गया ।

14 वार्षिकोत्सव के आयोजन को कोविड–19 की महामारी को ध्यान में रखते हुये रद्द करने का निर्णय लिया गया ।

15 महाविद्यालय की फैकल्टी के अकादमिक उन्नयन के लिये श्री रमेश कुमार खैरवार , सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) एवं श्री शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) को रिफ्रेशर कोर्स में भेजने का निर्णय लिया गया ।

बैठक अन्त में डा. आर. बी. सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार ज्ञापन किया । बैठक में सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्प लिया । प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया ।

आज दिनांक 05.11.2020 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री विनीत कुमार गुप्त ,सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) Vinit Kumar Gupta
5. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।
6. श्री आशुतोष गुप्ता, छात्र।

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753

प्राचार्य
शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)